# 590 किलो अफीम डोडा-चूरा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार



भीलवाड़ा शहर की सदर थाना पुलिस ने डोडा-चूरा के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की सदर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत नाकाबंदी के दौरान दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए करते हुए 590 किलो अफीम डोडा-चूरा के साथ बोलेरो पिकअप को बरामद करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु निरन्तर चलाये जा रहे अभियान के तहत राजन दुष्यंत पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा, विमल सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भीलवाड़ा के निर्देशन व वृर्ताधिकारी सदर श्यामसुन्दर विश्नोई के निकटतम सुवरवीजन, उषा यादव आई.पी.एस (प्रो) थानाधिकारी थाना सदर के उक्त कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार उषा यादव थाना प्रभारी मय जाब्ता द्वारा कोटड़ी चौराहे पर नाकाबंदी कार्रवाई कर आने-जाने वाले वाहनो को रोका जाकर चैक किया जा रहा था कि दौरान सवाईपुर की तरफ से एक सफेद बोलेरो पिकअप आई, जिसके चालक का नाम पता पूछा तो अपना नाम यशवंत कुमार पुत्र शंभुलाल कुमावत निवासी धमांचा थाना बेंगु जिला चित्तौड़गढ़ होना बताया।

मौके पर तलाशी ली तो बोलेरो पिकअप के डाले में सफेद कपास रूई के नीचे 11 प्लास्टिक कट्टों में डोडा-चूरा भरा होना पाया गया जिनका वजन किया तो कट्टों सहित कुल वजन 226 किलो 51 ग्राम होना पाया गया। यशवंत कुमार पुत्र शंभुलाल कुमावत को गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान श्यामसुन्दर वृताधिकारी वृत सदर भीलवाड़ा के जिम्मे किया गया। इस दौरान अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा-चूरा आपूर्तिकर्ता गजराज पुत्र देवकरण गुर्जर निवासी कालियास थाना शंभुगढ़ जिला भीलवाड़ा एवं लालुराम पुत्र शंकरलाल धाकड़ निवासी कांकरीया तलाई थाना रतनगढ़ जिला नीमच मध्यप्रदेश को भी गिरफ्तार किया गया।

**364 किलो डोडा-चूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार :-** भीलवाड़ा शहर की सदर थाना पुलिस ने एक कार से 364 किलो डोडा-चूरा के साथ चित्तौड़गढ़ जिले के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस ने रूपाहेली चौराहा से धुमडास-पौंड्रांस रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबरी को कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके दो युवक सवार थे। चालक ने खुद को चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना इलाके के सोनियाणा गांव का निवासी संजय (33) पुत्र देवी किशन शर्मा, जबकि उसके पास बैठे युवक ने खुद को सारण निवासी भैरू (35) पुत्र गिरधारी गुर्जर होना बताया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 18 प्लास्टिक के कट्टे मिले, जिनमें अफीम डोडा-चूरा मिला। डोडा-चूरा का वजन करवाए जाने पर 364 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने कार सहित डोडा-चूरा जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत के दर्ज कर जांच हमीरगढ़ थाना प्रभारी को सौंप दी गई है।

## 1260 किलो डोडा-पोस्त सहित एक तस्कर गिरफ्तार

■ **बरामद डोडा-पोस्त की अनुमानित कीमत करीब 2.50 करोड़ रुपए बताई**

**चूरू,** (कासं.)। पुलिस थाना सरदार शहर एवं जिला स्पेशल टीम चूरू की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 1260 किलोग्राम अवैध-डोडा पोस्त छिलका जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद डोडा- पोस्त छिलका की अनुमानित कीमत करीब 2.50 करोड़ रुपए है।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अति पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरवाल आरपीएस व वृताधिकारी वृत सरदारशहर अनिल महेश्वरी आरपीएस के सुपर विजन में अरविन्द कुमार पुनि. थानाधिकारी सरदारशहर के नेतृत्व में मंगुराम उनि मय टीम द्वारा अवैध डोडा-पोस्त छिलका के विरूद्ध कार्रवाई की। टीम ने रोही राणासर बीकान मेघा हाईवे रोड सरदारशहर से रतनगढ़ पर नाकाबंदी करके आरोपी सुरेश कुमार पुत्र रामकुमार नायक निवासी कालवास पुलिस थाना आजाद नगर जिला हिसार हरियाणा के कब्जे से अवैध डोडा पोस्त छिलका मय बन्द कंटेर को जब्त कर गिरफ्तार किया गया। सुरेश कुमार के खिलाफ अभियोग एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया।

# अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार, वाहन जब्त

## शराब तस्कर कार को नाकाबन्दी तोड़कर जवाजा कस्बे की तरफ ले गये




ब्यावर की जवाजा थाना पुलिस ने अवैध शराब सहित वाहन को जब्त किया।

**ब्यावर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार व वृताधिकारी के सुपरविजन में थानाधिकारी जवाजा हरिराम उप मय टीम द्वारा अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कार से आठ पेटी अवैध शराब जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अवैध शराब तस्करी की सूचना पर थाने के सामने नाकाबन्दी कर ब्यावर से जवाजा की तरफ आती कार को रूकवाने का प्रयास किया गया। शराब तस्कर अपनी कार को पुलिस नाकाबन्दी तोड़कर जवाजा कस्बे की तरफ भगाकर ले गये। कार तेज गति में होने से अनियंत्रित हो गई और डिवाईडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो जाने पर कार से एक व्यक्ति भागने लगा और निर्माणाधीन पुलिया से नीचे कूद गया लेकिन पुलिस टीम द्वारा पीछा करके पकड़ लिया गया। पुलिया से कूदने पर उसके शरीर पर चोटें आयी, कार की तलाशी में आठ पेटी शराब मिली। अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त कार आई-20, आठ पेटी अवैध शराब को जब्त किया एवं दो अवैध शराब तस्करों को गिरफतार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में काली घाटी कूकडा निवासी रितेश सिह पुत्र भगवान सिंह रावत और राजेन्द्र सिह पुत्र नारायण सिंह रावत जस्सूजी का खेड़ा कूकडा निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र नारायण सिंह रावत है। जवाजा थानाधिकारी हरिराम की पुलिस टीम में हैड कानि. मोहन लाल, कानि. विजय, रविन्द्र, प्रहलाद, रामनाथ आदि थे।

# हत्या कर शव तालाब में फैंका, मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। आपसी कहासुनी के दौरान युवक की हत्या कर लाश को उदयसागर में फैंकने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पीड़िता जसूडीबाई पत्नी भगवतीलाल निवासी ढिकली नाती तलाई ने हेमराज पुत्र हरजा गमेती निवासी बिकरनी, शंकरलाल पुत्र रामा गमेती निवासी गुडली गोडवा, विजय पुत्र कालुलाल हरिजन निवासी जिंक चोराया उदयसागर, शंकर लाल पुत्र गणेश नायक निवासी बिछड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीड़िता ने बताया कि हेमराज, शंकर गमेती, शंकर नायक विजयहरिजन आपस में मित्र है तथा गत दिनों हेमराज व शंकर के बीच लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान हेमराज व भगवतीलाल को बाइक पर घुमते हुए देख लिया। इस दौरान हेमराज के कहने पर भगवतीलाल ने बाइक गिरवी रखने के लिए शंकर को कहा इस पर उन्हे जिंक चौराहा पर बुलाया। जहां विजु हरिजन ने आरसी मांगते हुए 7 हजार रूपये में गिरवी रखने की बात कही। कम पैसे व आरसी नहीं होने से चले गए। इस पर दुबारा शंकर ने भगवतीलाल को 10 हजार रूपये देने की बात कहते हुए बुलाया तथा 7 हजार थमते हुए 3 हजार बाद में देने को कहा। कुछ समय बाद साकरोदा की तरफ पार्टी बनाने के लिए रवाना हो गए। बीच में शंकर नायक साथ ले लिया। नाहर मगरा ठेके से बीयर लेकर रवाना हुए। इस दौरान भगवती लाल को पता चलने पर उसने हेमराज को मारने की योजना बता दी। इसको देख हेमराज भाग कर ट्रेक्टर ट्रॉली में छिप गया। जिसे तलाश कर वापस लाए तथा उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इसी दौरान भागने का कारण पूछा तो उसने भगवतीलाल द्वारा मारने की जानकारी देने से छिपने की बात कही। इस पर आरोपियों ने भगवतीलाल के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी तथा लाश को उदयसागर में फैंक दिया।

## बुजुर्ग व महिला से मारपीट

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। मदनगंज थाना अंतर्गत सिटी रोड पर कार-बाइक की टक्कर के दौरान कार में तोड़फोड़ कर महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस के समक्ष शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। टांक पेट्रोल पंप के पास रहने वाले नेमीचंद दोषी मैरिज एनिवर्सरी के दिन दान- पुण्य कर घर लोट रहे थे। सुमेर सिटी सेंटर के पास चलती कार के बाइक अड़ने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। बाइक सवार युवक गाली-गलौच करते हुए कार सवार नेमीचंद सहित महिला व बच्चों के साथ धक्का-मुक्की कर मारपीट करने लग गये। मारपीट का वीडिओ वायरल होने के बाद सभी ने रोष व्यक्त किया है।

# बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे खाद्य निर्माता

■ **लजीज खट्टी मिठी रिंग के नाम से परोसी जा रही है बच्चों को बिना एक्सपाईरी डेट की नमकीन**

■ **पांच रूपये की मिलने वाली यह रिंग बच्चों को लुभा रही है, स्वास्थ्य विभाग बना अनभिज्ञ**

**अलवर,** (निसं)। अलवर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर योगेन्द्र शर्मा और फूड निरीक्षकों की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बावजूद अलवर में ऐसी नमकीनों का बोलबाला है जिस पर ना तो बेच नंबर अंकित है ना ही पैंकिग डेट और ना ही एक्सपाईरी डेट अंकित है। ऐसी नमकीन लजीज खट्टी मिठी रिंग शहर की हर गली में बेची जा रही है। सस्ती रेट होने के कारण मासूम बच्चे इसे खरीद रहे हैं और बीमारी की और कदम बढ़ा रहे है।

जानकारी अनुसार कुछ दिन पूर्व भी शहर में इसी प्रकार बिकती जीतू नमकीन का भण्डाफोड किया था। जिस पर खाद्य विभाग की टीम ने दूसरे ही दिन जीतू नमकीन के गोदाम पर छापा मारकर करीब दो सौ किलो नमकीन पकड़ी और गोदाम को सीज किया था। इसी कडी में बच्चों को एक गली में लजीज खट्टी मिठी रिंग खरीदते देखा तो उस पर बेच नंबर, निर्मित डेट और एक्सपाईरी डेट अंकित नहीं थी तो संवाददाता ने उसे तुरंत खरीद लिया। यह नमकीन का कारखाना अलवर के भगत सिंह कॉलोनी दिवाकरी में स्थित है जो मासूम बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने में लगी हुई है। यह रिंग कब बनी और कब एक्सपायर होगी यह अंकित नहीं है। बच्चों की इस समय गर्मी की छुट्टी है। बच्चे अपने ननिहाल आए हुए हैं कहीं ऐसा ना हो इस दूषित नमकीन को खाकर बच्चे बीमार ना हो जाए। अगर समय रहते कार्यवाही हो गई तो हो सकता है कितने ही बच्चें बीमार होने से बच जाए।

लजीज खट्टी मिठी रिंग के निर्माता ने कहा कि हम अपनी तरफ से पूरी तरह प्रयास करते है कि कोई कमी ना रहे लेकिन कोई कमी रहती है तो उसे दुरस्त किया जाएगा। केशव गोयल खाद्य निरीक्षक का कहना है कि अगर खाद्य पदार्थों में लापरवाही बरती जा रही है तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की ऐसी वस्तु बाजार में नहीं बेची जाएगी।

# तंत्र विद्या का झांसा देकर महिला से डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपये हड़पे

**अजमेर,** (कासं)। क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को तांत्रिक ने तंत्र विद्या का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और फिर पिता की मौत का डर दिखाकर महिला से डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा हड़प लिये। आरोपी ने धर्म बदलकर शादी करने का भी दबाव भी बनाया। गृह क्लेश के चलते ढाई साल पहले तांत्रिक से मुलाकात हुई थी। पीड़िता ने क्लॉक टावर थाने में तांत्रिक के खिलाफ धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने कहा कि इससे पहले सम्पत्ति विवाद खत्म करने और मां के लाखों के जेवरात गिरवी रखकर तांत्रिक को रुपए दे चुकी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्लॉक टावर थाना पुलिस ने जानकारी देते बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली परिवादी पायल गुरनानी ने अपने परिजन के साथ थाने में उपस्थित होकर एक तांत्रिक के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता गुरनानी ने बताया कि करीब ढाई साल पहले तारागढ़ निवासी सैयद मसीयत हुसैन नाम तांत्रिक से मुलाकात हुई थी। तांत्रिक ने तंत्र विद्या सिखाने के नाम से मुझे बहकाया और तांत्रिक विद्या के नाम पर मुझसे समय-समय पर रकम की मांग करने लगा। मैरे द्वारा तांत्रिक मसीयत हुसैन को कभी ऑनलाइन तो कभी नगद रकम दी है। महिला ने कहा कि मेरी मां और मौसी के लॉकर में रखे जेवरात को मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखकर तांत्रिक को रकम दी थी। तांत्रिक द्वारा तंत्र-मंत्र का सहारा लेकर गुमराह कर आज दिनांक तक करीब डेढ़-दो करोड़ रुपए की राशि ले चुका है।

पुलिस ने कहा कि घरेलू समस्याओं को लेकर महिला तांत्रिक के चक्कर में आ गई थी। इन सभी बिंदुओं पर जैसे किन माध्यम से ऑनलाइन ट्राजेक्शन हुआ है, कहां से लोन उठाया है, उसके बारे में गहनता से अनुसंधान किया जाएगा, पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## महिला की मौत

**करौली,** (नि.सं.)। करौली-सरमथुरा सड़क मार्ग स्थित एनएच-23 पर दीपपुरा पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक महिला की मौत हो गई। दुर्घटना से गुस्साए लोगों ने एनएच-23 पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची करौली सदर थाना पुलिस ने समझाइश कर जाम खुलवाया और मृत महिला का शव अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। करौली सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि अंगूरी देवी पत्नी नरोत्तम 70 निवासी गोलरी थाना पहाड़गढ़ जिला मुरैना मध्य प्रदेश अपने पीहर छाबर गांव आई थी।

# चोरी हुआ ट्रक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रामगंजमंडी,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को चोरी हुए ट्रक को मात्र एक घंटे के भीतर मय मुल्जिम बरामद किया। करन शर्मा पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया लोकसभा चुनाव 2024 में आचार संहिता के दौरान पुलिस थाना रामगंजमंडी पर 14 मई को फरियादी सुरेन्द्र सिंह झाला ने एक ट्रक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। जिसमें थाना रामगंजमंडी द्वारा एक घंटे के भीतर ट्रक को बरामद किया गया।

सुरेन्द्र सिह झाला पुत्र भगवान सिंह झाला निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी थाना रामगंजमण्डी जिला कोटा ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट दी कि मेरे ट्रक को मेरा ड्राइवर रामेश्वर मीणा निवासी राजुखेडा चलाता है।

रात को करीब नौ बजे कुदायला से फतेहपुर जा रहा था जो कि रास्ते में चाईना टाउन होटल सुकेत रोड के पास गाड़ी को खड़ा करके मेरे घर हाउसिंग बोर्ड में डीजल के लिये पैसे लेने आया था। वह वापस गाड़ी के पास आया जहां उसे रोड पर गाड़ी नहीं मिली। गाड़ी को आसपास काफी तलाश के बाद भी गाड़ी नहीं मिली। गाड़ी को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया।

ट्रक चोरी की घटना की जानकारी पर थाना स्तर की टीम का गठन किया जाकर टीम को कस्बा रामगंजमंडी, सुकेत, मोडक, चेचट रवाना किया गया। टीम द्वारा उक्त ट्रक की तलाश हेतु सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक कर, आसूचना तंत्र से सूचना एकत्रित कर चोरी हुये ट्रक को मात्र घंटे के भीतर रामगंजमंडी के पास से नन्दलाल ऐरवाल से बरामद किया।

# मां और दो बेटों की एक साथ अर्थी उठी, लोगों की आंखें नम हुई

## भांजी के शव का पास ही के गांव दूदिया में अंतिम संस्कार किया गया

■ **गुजरात के नवसारी में पिकनिक मनाने के दौरान समुंद्र में डूबने से हुई थी मौत, जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया था**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। गुजरात के नवसारी में पिकनिक मनाने के दौरान समुंद्र में डूबने से एक ही परिवार के सदस्यों की हुई मौत के बादलाछुड़ा ग्राम में मंगलवार को मां और दो बेटों की एक साथ अर्थी उठी तो कई लोगों की आंखें नम हो गई। इस बीच दोनों भाइयों को एक ही चिता में मुखाग्नि दी गई। उनके पास ही मां की भी चिता लगाई गई तो वहीं भांजी के शव का पास ही के गांव दूदिया में अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार आसींद थाना क्षेत्र के लाछुड़ा गांव के रहने वाले गोपाल सिंह का परिवार गुजरात के नवसारी जिले में समुद्र की लहर में रविवार को समा गया था। इसमें गोपाल सिंह की पत्नी, दोनों बेटे व भांजी की मौत हो गई थी। चारों के शवों को मंगलवार को लाछुड़ा लाया गया, तब हर किसी की आंखें नम हो गई। कुछ देर शवों को इनके पैतृक घर पर रखने के बाद उनकी अन्तिम यात्रा शुरू हुई। तीनों के शव ट्रॅक्टर-ट्रॉली से मोक्षधाम ले जाये गये। इस दौरान ग्रामीणों की आंखें नम हो गई और लोगों ने उन्हें अन्तिम विदाई दी। मोक्षधाम में दोनों भाई युवराज व दक्ष की एक ही चिता पर व मां सुशीला का अलग चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। भांजी दुर्गा का अंतिम संस्कार 4 किलोमीटर दूर स्थित दूदिया गांव के मोक्ष धाम में किया गया। हजारों की तादाद में ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

उल्लेखनीय है कि गत 15 साल से गुजरात के नवसारी जिले में गोपाल सिंह राजपूत किराना की दुकान चला रहे थे। गोपाल सिंह का बड़ा बेटा उनके पैतृक गांव लाछुड़ा में दादा-दादी के साथ रहता था। गर्मी की छुट्टी में वह अपने माता-पिता के पास गया। इस दौरान गोपाल सिंह व उनकी पत्नी सुशीला अपने दोनों बेटे व भांजी दुर्गा के साथ नवसारी जिले में दांडी नदी के पास समुद्र तट पर पिकनिक मनाने गए। इस दौरान ज्वार के आने से गोपाल सिंह की पत्नी, दो बेटे व भांजी की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया था। हादसे में एक ही परिवार के लोगों की मौत की खबर जब गांव में पहुंची तो मातम छा गया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर मृतकों को अंतिम विदाई दी।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मेडिकल संचालकों ने प्रदर्शन किया

## डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट संस्थान की ओर से मेडिकल स्टोर बन्द रखे गये

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट संस्थान की ओर से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मेडिकल स्टोर बन्द रखकर संचालक और कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपना कारोबार बन्द रखा और सूचना केन्द्र से रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर संचालक शामिल हुए हैं।




भीलवाड़ा में डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट की ओर से मेडिकल स्टोर संचालक और कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

सचिव राकेश काबरा ने बताया कि 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि 23 फरवरी 2024 को करेड़ा में मेडिकल संचालक से हुई लूट मामले में पुलिस ढिलाई बरत रही है। बार-बार पत्र देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे वे अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मेडिकल संचालको की सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है। ज्ञापन में दवा विक्रेताओं ने आपत्ति जताते हुए कहा कि ओटीसी दवाओं को सभी को बेचने की अनुमति देने से मौजूदा दवा कानूनों, फार्मेसी विनियमों का उल्लंघन होता है। उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्र की अनुमति देने से गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। प्रस्ताव में इस बात पर चिंता व्यक्त की है। खतरनाक और स्व-चिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरुपयोग हो सकता है। बिना लाइसेंस के ओवर द काउंटर (ओटीसी) दवाओं की बिक्री की अनुमति के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को गलत बताया है। दवा दुकानों पर डॉक्टरों को जबरन झोलाछाप की श्रेणी में मानकर कार्रवाई को गलत बताते हुए पहले जानकारी करने के बाद ही कार्रवाई की मांग की है।

दवा विक्रेताओं ने डॉक्टर की लिखावट पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि डॉक्टर मरीज पर्ची में बहुत सी बार लिखावट समझने में नहीं आती है। ऐसे में गलती की संभावना बनी रहती है, ऐसी लिखावट होनी चाहिए, जो समझ में आये। केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव का दावा है कि एमसीए की गाइडलाइन के अनुसार मरीज पर्ची कैपिटल लेटर में लिखना अनिवार्य है। इस संबंध में पूर्व में आईएमए भीलवाड़ा (डॉक्टर का संगठन) के अध्यक्ष एवं सचिव को दो बार लिखित में सूचित किया जा चुका है लेकिन इसकी पालना नहीं हो पा रही है। जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में मेडिकल संचालक उपस्थित थे।